>

Title: Introduction of National Forensic Sciences University Bill, 2020.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI G. KISHAN REDDY): Sir, on behalf of Shri Amit Shah, I beg to move for leave to introduce a Bill to establish and declare an institution to be known as the National Forensic Sciences University as an institution of national importance to facilitate and promote studies and research and to achieve excellence in the field of forensic science in conjunction with applied behavioural science studies, law, criminology and other allied areas and technology and other related fields, and to provide for matters connected therewith or incidental thereto. … (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्षः प्रस्ताव प्रस्तुत हुआः

"कि राष्ट्रीय विधि विज्ञान विश्वविद्यालय के नाम से ज्ञात एक संस्था को अध्ययन और अनुसंधान को सुकर बनाने और उसका संवर्धन करने तथा अनुप्रयुक्त व्यवहार विज्ञान अध्ययन, विधि, विज्ञान तथा अन्य आनुषंगिक क्षेत्रों में और प्रौद्योगिकी तथा अन्य संबंधित क्षेत्र में राष्ट्रीय महत्ता की संस्था स्थापित और घोषित करने तथा उससे उपाबंध या आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।"

… (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : यह केवल इंट्रोडक्शन है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : एक मिनट, आप मेरी बात सुनिए । बालू जी, आप पहले हैडफोन कान में लगा लीजिए । मैं आपको बताता हूँ । अधीर रंजन जी, एक मिनट । कोई विषय गम्भीर है । एक मिनट, आप बैठिए ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : इस बिल पर जब डिबेट होगी, बालू जी, एक मिनट, मेरी बात सुनिए । बालू जी, इस बिल को पारित नहीं कर रहे । माननीय सदस्यगण, प्लीज सिट डाउन । आवाज नहीं करें ।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी : सर, यह लिस्ट ऑफ बिजनेस में भी नहीं है । …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : एक मिनट, प्लीज बैठ जाइये । माननीय सदस्य, आपका यह विषय नहीं है, दूसरा विषय है ।

श्री अधीर रंजन चौधरी : सर, बात तो रखने दीजिए ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : दोनों बिल्स शनिवार को सुबह ही सदस्यों को सर्कुलेट कर दिए गए हैं । बिना सर्कुलेट किए नहीं कर रहे हैं । यह इंट्रोडक्शन है, जब डिबेट होगी तो मैं आपको पर्याप्त समय, अवसर दूँगा ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं आपको इंट्रोडक्शन का भी विषय दे दूँगा और पर्याप्त समय भी दूँगा । मैं आपको आसन से व्यवस्था दे रहा हूँ । आप जितनी देर डिबेट करना चाहें, मैं आपको उतना समय, अवसर दूँगा ।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी : सर, चर्चा के लिए हम तैयार बैठे हैं । प्रधान मंत्री जी यहाँ हैं । सरकार ने कहा कि फाइनेंस बिल बिना चर्चा के पास करवा दो, हम राज़ी हो गए । हमने फाइनेंशियल पैकेज माँगा…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्षः प्रश्न यह हैः

"कि राष्ट्रीय विधि विज्ञान विश्वविद्यालय के नाम से ज्ञात एक संस्था को अध्ययन और अनुसंधान को सुकर बनाने और उसका संवर्धन करने तथा अनुप्रयुक्त व्यवहार विज्ञान अध्ययन, विधि, विज्ञान तथा अन्य आनुषंगिक क्षेत्रों में और प्रौद्योगिकी तथा अन्य संबंधित क्षेत्र में राष्ट्रीय महत्ता की संस्था स्थापित और घोषित करने तथा उससे उपाबंध या आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।"

The motion was adopted.

… (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : एक मिनट, आप मेरी बात सुन लीजिए। मंत्री जी, अपना बिल इंट्रोड्यूस कीजिए।

…(व्यवधान)

SHRI G. KISHAN REDDY: Sir, I introduce* the Bill.

माननीय अध्यक्ष : आप मेरी एक महत्वपूर्ण बात सुन लीजिए। ठीक है, जो महत्वपूर्ण काम है, वह कर लें।

…(व्यवधान)